प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 13.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडियाज टेकेड : चिप्स फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का किया शिलान्यास, युवाओं को बताया भारत की शक्ति।

2. सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज नई दिल्ली में प्रसार भारती के प्रसारणों के प्रचार के लिए ऑडियो–विजुअल माध्यम शब्द का करेंगे शुभारंभ।

3. केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– नागरिकता संशोधन कानून पर विपक्ष कर रहा तुष्टीकरण की राजनीति, इस कानून से किसी को डरने की जरूरत नहीं।

4. लोकसभा चुनाव–2024 को लेकर झारखंड सचिवालय सेवा के छह अवर सचिव स्तर के पदाधिकारियों की मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में की गयी प्रतिनियुक्ति।

5. कोयला मंत्रालय 31 मार्च 2024 तक एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने की ओर अग्रसर।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इंडियाज टेकेड : चिप्स फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में एक लाख पच्चीस हजार करोड़ रुपये की लागत की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं गुजरात के धोलेरा तथा साणंद और असम के मोरीगांव में स्थित हैं। प्रधानमंत्री ने देशभर के युवाओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि आज के नौजवान भारत की शक्ति हैं। प्रधानमंत्री ने कहा डिजाईन इन इंडिया चिप, भारत को नई दिशा की ओर ले जायेगी। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप सिस्टम बन गया है। भारत चौथी औद्योगिक क्रांति में भूमिका निभायेगा।

********************

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज नई दिल्ली में प्रसार भारती के प्रसारणों के प्रचार के लिए ऑडियो–विजुअल माध्यम शब्द का शुभारंभ करेंगे । इस दौरान वे आकाशवाणी समाचार और डीडी न्यूज की संशोधित वेबसाइटों का भी शुभारंभ करेंगे।

********************

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून से किसी को डरने की जरूरत नहीं है बल्कि इस कानून से एक नियत समय से पहले भारत में रहने वाले गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पूर्व से रह रहे शरणार्थियों को नागरिकता देने की बात हो रही है। सीएए को लेकर विपक्ष के हमालावर रवैये पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विपक्ष तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा है।

********************

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने रांची–वाराणसी वंदे भारत ट्रेन के पारसनाथ में ठहराव की मांग की है। उन्होंने कहा कि पारसनाथ, जैन धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थल मधुबन के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए इस ट्रेन का ठहराव यहां सुनिश्चित किया जाये। इसके पूर्व गिरिडीह के आजसू सांसद सीपी चौधरी ने भी रेल मंत्री को पत्र लिखकर पारसनाथ में रांची वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग की।

********************

राज्य सरकार ने चार आइएएस का तबादला किया है, जबकि चार आइएएस को अतिरिक्त प्रभार दिया है। के. श्रीनिवासन को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसके साथ एटीआई का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर को सचिव नगर विकास विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी आयुक्त बाल किशुन मुंडा को पलामू प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। अंजनी कुमार मिश्र को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी आयुक्त बनाया गया है। प्रतीक्षारत फैज अक अहमद को बागवानी निदेशक बनाया गया है। सुनील कुमार को उत्पाद आयुक्त और वरूण रंजन को खान आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रतीक्षारत हिमांशु मोहन को सीइओ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की जिम्मेवारी मिली है।

*********************

स्वच्छ ईंधन बेहतर जीवन के संकल्प के साथ केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। यह योजना देश की आधी आबादी के लिए वरदान साबित हो रही है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

साउंड बाईट– कर्मवीर, रांची– 46 सकेंड

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

लोकसभा चुनाव–2024 को देखते हुए झारखंड सचिवालय सेवा के छह अवर सचिव स्तर के पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में की गई है। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मनोज कुमार सिंह, प्रधान मुख्य संरक्षक कार्यालय में कार्यरत संजय कुमार सिन्हा, राजस्व परिषद के घनश्याम प्रसाद, जल संसाधन विभाग से विनोद कुमार, उद्योग विभाग से संतोष कुमार चौबे, कृषि विभाग से विभाग चंद्र सिंह की प्रतिनियुक्ति की गई है।

*********************

सरकार ने आधार कार्ड में बिना किसी शुल्क के अपडेट करने की तारीख बढ़ाकर 14 जून 2024 कर दी है। लोग नजदीकी आधार केंद्र या आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से अपनी जानकारी अपडेट करा सकते हैं।

*********************

प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, ऊर्जा क्षेत्र में सतत विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में कोयला मंत्रालय रणनीतिक पहल के साथ कार्य कर रहा है। इसके तहत कोयला मंत्रालय 31 मार्च, 2024

तक एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने की ओर अग्रसर है। कोयला मंत्रालय के आकड़ों के अनुसार छह मार्च 2024 तक भारत में कोयला उत्पादन का लक्ष्य 900 मिलियन टन के आंकड़े को पार कर चुका है।

********************

26 नवंबर 2008 को मुंबई आतंकी हमले के दौरान डेढ़ सौ से अधिक लोगों की जान बचाने वाले मरीन कमांडो प्रवीण तेवतिया ने आज चतरा के हंटरगंज प्रखंड के उच्च विद्यालय मैदान में युवाओं और स्कूली छात्रों को योगाभ्यास कराया। पतंजलि योग केंद्र, चतरा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड के युवा और छात्र शामिल हुए और योग के जरिये खुद को स्वस्थ रखने का तरीका सीखा।

********************

जमशेदपुर शहर के विभिन्न चौक चौराहों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि विधि व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए और आने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हमने यह अभियान चलाया गया है। अब तक 80 लोगों पर सीसीए लगाया गया है। वहीं 250 से अधिक अपराधियों पर निगरानी रखी जा रही है।

********************

पुलिस ने जामताड़ा जिले के करमाटांड थाना अंतर्गत डुमरिया गांव से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छह मोबाइल, आठ सीम, एक एटीएम और एक पासबुक बरामद हुआ है। गिरफ्तार अपराधियों को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया।

********************

केंद्र सरकार ने सभी औषध संगठनों से औषध विपणन के लिए एक आचार समिति का गठन करने और वेबसाइट पर औषध विपणन के लिए एक समान संहिता स्थापित करने को कहा है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने कहा कि किसी भी दवा कंपनी द्वारा किसी स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर या उसके परिवार के किसी सदस्य को कोई उपहार नहीं दिया जाना चाहिए।

******समाप्त**************